# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Gmail ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 313-315/सम्ब0 / विविध / MSU / 2022–23 दिनांक : 21.04.2022

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,

समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय

माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय,

सहारनपुर।

विषयः स्व वित्तपोषित एवं अनुदानित महाविद्यालय(स्व पोषित पाठ्यक्रम) में शिक्षकों को नियुक्ति किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषय का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि आगामी शैक्षणिक सत्र 2022–23 शीघ्र प्रारम्भ होने वाला है। संज्ञान में आया है कि महाविद्यालयों में अर्ह / विश्वविद्यालय से अनुमोदित शिक्षक उपलब्ध नहीं है। इस प्रकरण पर शासन द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुये इसे गम्भीरता से लिया गया है। शिक्षकों के डाटा ABACUS UP पोर्टल पर भी अपलोड किया जाना है।

इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि जिन महाविद्यालयों में विश्वविद्यालया द्वारा अनुमोदित शिक्षक कार्यरत् नहीं है। वह महाविद्यालय नियमानुसार दो समाचार पत्रों में क्रमशः तीन–तीन अंकों में रिक्त पदों का विज्ञापन प्रकाशित कराकर विश्वविद्यालय से विषय–विशेषज्ञ प्राप्त करते हुये शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया प्रारम्भ किया जाना सुनिश्चित करें। विश्वविद्यालया द्वारा सम्बन्धित महाविद्यालयों का कभी भी औचक निरीक्षण किया जा सकता है।

भवदीय

(वीरेन्द्र कुमार मौर्य)
कुलसचिव

प्रतिलिपि अधोलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

01. निजी सचिव, सचिव, उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
02. कुलपति कार्यालय को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।

कुलसचिव